छात्र सचिन का हुआ कैंपस प्लेसमेंट टीसीएस ने 9 एलपीए का दिया पैकेज

सिटी रिपोर्टर|छपरा

लोकनायक जयप्रकाश नारायण इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरुवार को छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया। इसमें यान्त्रिक अभियान्त्रिकी ब्रांच के छात्र शामिल हुए। प्लेसमेंट करने हिमाचल प्रदेश की कंपनी में इंडो फॉर्म आई थी। एल एन जे पी आई टी के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के पदाधिकारी अमर कुमार ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव सिर्फ मेकनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए था। इस दौरान कंपनी के एचआर अनुराग कुमार ने छात्रो को कंपनी के बारे में जानकारी दी। चयन की प्रक्रिया में सबसे पहले कंपनी की ओर से मेंटल टेस्ट और टेक्निकल टेस्ट का आयोजन किया गया । इसमें कुल 17 छात्रों को चयनित किया गया। प्लेसमेंट के दौरान प्लेसमेंट सेल स्टूडेन्ट कोऑर्डिनेटर अनीश कुमार पूरे प्लेसमेंट ड्राइव को अच्छे से संपन्न करवाया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के पदाधिकारी अमर कुमार ने बताया इसी सप्ताह एभी इंटरनेशनल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के दो छात्रो का चयन हुआ और इसी संस्थान के छात्र सचिन कुमार को टीसीएस में कैंपस प्लेसमेंट में नौ लाख के पैकेज पर चयन हुआ । संस्थान के प्राचार्य मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि यह संस्थान के लिए बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कॉलेज का प्लेसमेंट सेल लगातार काम कर रहा है। उन्होंने आगे भी कंपनियों को कॉलेज कैंपस में प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित करने की बात कही।